CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 299 ▫ रायपुर, शनिवार 23 नवम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# महाराष्ट्र में महायुति को बंपर सीटें झारखंड में इंडिया गठबंधन को बढ़त

## दोपहर 2 बजे तक रुझान

**महाराष्ट्र: कुल सीट – 288, बहुमत – 145**

| पार्टी | आगे | कुल (+/–) | 2019 |
|---|---|---|---|
| भाजपा+ | 227 | 227(+66) | 161 |
| कांग्रेस+ | 53 | 53(–45) | 98 |
| अन्य | 08 | 08(–19) | 27 |

**झारखंड: कुल सीट – 81, बहुमत – 41**

| पार्टी | आगे | कुल (+/–) | 2019 |
|---|---|---|---|
| झामुमो+ | 55 | 55(+7) | 48 |
| भाजपा+ | 25 | 25(00) | 25 |
| अन्य | 01 | 1(–5) | 6 |

## यूपी उपचुनाव में एसपी ध्वस्त, प्रियंका गांधी 3 लाख वोटों से आगे

**नई दिल्ली, 23 नवंबर (न्यूज चैनल)।** महाराष्ट्र और झारखंड विधनसभा चुनावों की गिनती में एनडीए की महायुति ने भारी सीटें हासिल कर ली है। महाराष्ट्र में 288 सीटों में दोपहर 2 बजे तक महायुति 225 सीटों पर आगे चल रही है। वहीं झारखंड में शुरुआती रूझानों में एनडीए आगे चल रही थी पर बाद में वह पिछड़ता नजर आया और दोपहर 2 बजे इंडिया गठबंधन 51 सीटों पर आगे हो गई है और एनडीए को 29 सीटें पर आकर रूक गई है। अब झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनते दिख रही है। रायपुर दक्षिण के उपचुनाव में भाजपा के सुनील सोनी 44 हजार वोटों से जीत गए हैं।

यूपी उपचुनाव में समाजवादी पाटी ध्वस्त हो गई है। 9 में से 7 सीटों पर भाजपा आगे चल रही है। वायनाड में प्रियंका गांधी 3 लाख से ज्यादा वोटों से आगे है तो वहीं आदित्य ठाकरे मिलिंद देवड़ा से आगे चल रहे हैं। इस चुनाव में शरद पवार की एनसीपी, शिवसेना (उद्धव) और कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत खराब चल रहा है। झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी भाजपा से पीछे चल रही है।





## आज शाम बीजेपी मुख्यालय जा सकते हैं पीएम मोदी

रुझानों के अनुसार, भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने लोकसभा चुनाव में राज्य में अपने निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए महाराष्ट्र में भारी बढ़त बना ली है। दूसरी ओर, झारखंड में सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने एग्जिट पोल के अनुमानों को खारिज कर दिया और आधे का आंकड़ा पार कर लिया। महाराष्ट्र में बीजेपी के नेतृत्व वाली महायुति जबरदस्त बढ़त बना चुकी है। खुद भाजपा 125 से ज्यादा सीटों पर आगे चल रही है। हालांकि भाजपा के लिए झारखंड से अच्छी खबर नहीं है। बावजूद इसके भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को महाराष्ट्र को लेकर बड़ा संदेश देने की कोशिश कर रही है। जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम एक बार फिर से बीजेपी कार्यालय पहुंच सकते हैं और वहां से अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन की जीत कहीं ना कहीं कार्यकर्ताओं को उत्साहित करेंगे। झारखंड के नतीजे भाजपा के मन मुताबिक नहीं रहे हैं। हालांकि, अभी भी शुरुआती रुझान ही आए हैं। कहीं ना कहीं आखरी परिणाम के इंतजार करने होंगे। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव नतीजों पर भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि हम झारखंड और महाराष्ट्र दोनों जगह जीतेंगे। इसका कारण इंडिया गठबंधन द्वारा सांप्रदायिकता फैलाने की कोशिश है जिसे जनता ने नकार दिया है। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि जब कोई भी हारता है तो वो अपनी हार के लिए कोई न कोई बहाना बनाना शुरू कर देता है। कभी ईवीएम को बहाना बनाना तो कभी बटेंगे तो कटेंगे को सांप्रदायिक बताना। महाराष्ट्र में आज पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार प्रचंड बहुमत से बनने जा रही है।

## रुझानों के बाद महायुति में शुरू हुई मुख्यमंत्री पद के लिए जंग, भाजपा, शिवनेसा और एनसीपी के अपने-अपने दावे

महाराष्ट्र में शनिवार को महायुति की भारी जीत की ओर अग्रसर होने के बीच, भाजपा प्रवक्ता प्रवीण दरेकर ने कहा कि देवेंद्र फड़णवीस के राज्य के अगले मुख्यमंत्री होने की संभावना है। प्रवीण दरेकर ने कहा कि केंद्र और राज्य में बीजेपी की सरकार होगी तो महाराष्ट्र और विकास करेगा इसलिए जनता ने हमें बहुमत दिया है इसके लिए मैं प्रदेश की लाड़ली बहनों और जनता को विशेष रूप से धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि बीजेपी से ही मुख्यमंत्री होगा, मुझे लगता है कि देवेन्द्र फडणवीस ही सीएम होंगे। वहीं, शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने कहा ने कहा कि महायुति के सभी जो घटक हैं उन्होंने जो काम किया है उसी का एक नतीजा ये जीत है। किसान, कामगार हर एक घटक के लिए हम लोगों ने काम किया है जिसका परिणाम आज देखने को मिल रहा है। बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभर रही है, इसलिए देवेंद्र फड़णवीस फिर से महाराष्ट्र के सीएम बनेंगे। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के रुझानों के अनुसार, महायुति गठबंधन 288 में से 200 से अधिक सीटों पर आगे चल रहा है, जबकि महा विकास अघाड़ी सिर्फ 60 से अधिक सीटों पर आगे चल रही है। इस बीच, देवेंद्र फड़नवीस का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह अपनी मां से बात कर रहे हैं और उनसे कह रहे हैं कि वह काम खत्म कर लेंगे और शाम तक उनसे आशीर्वाद लेने जाएंगे।

## झारखंड के रुझानों में जेएमएम+ को बहुमत, शुरुआत में पिछड़ कर 'इंडिया' ने की वापसी



आधिकारिक चुनाव आयोग के रुझानों के अनुसार, जेएमएम के नेतृत्व वाले महागठबंधन ने राज्य में 81 में से 50 सीटों पर बढ़त हासिल कर बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है (जेएमएम30, कांग्रेस 14, राजद 4, सीपीआई(एमएल)(एल)2) भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए 29 सीटों पर आगे है। झारखंड में इंडिया ब्लॉक बहुमत पार कर गया है। गठबंधन 51 सीटों पर आगे हैं। हेमंत सोरेन सत्ता में वापसी करने जा रहे हैं। लेकिन उनकी पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा सीट से लगभग 4500 वोटों से पीछे चल रही है। वहीं, एनडीए गठबंधन 28 सीटों पर आगे चल रहा है। अन्य दो सीटों पर आगे है।

## यूपी में बीजेपी रिटर्न: काम कर गया योगी का बटोगे तो कटोगे का नारा

उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव को जो राजनैतिक पंडित 2027 के विधान सभा चुनाव से पूर्व सेमीफाइनल मान रहे थे,उनके समाने अब तस्वीर साफ हो गई है। बीजेपी सात सीटो पर बढ़त बनाये हुए है, वहीं समाजवादी पार्टी कानपुर की सीसामऊ सीट से चुनाव जीत गई है और मैनपुरी की करहल सीट से बढ़त बनाये हुए है। सपा को सबसे बड़ा झटका मुरादाबाद की कुंदरकी और कटेहरी विधान सभा सीट पर लगा है।

## रायपुर दक्षिण से सुनील सोनी 44 हजार वोटों से जीते



### कुछ ही देर में बीजेपी कार्यालय पहुंचेंगे सीएम साय, कार्यकर्ताओं को कर सकते हैं संबोधित

**रायपुर, 23 नवंबर (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की दक्षिण विधानसभा सीट में हुए उपचुनाव की तस्वीर अब पूरी तरह साफ हो गई है। 14वे राउंड की वोटों की गिनती के बाद भाजपा उम्मीदवार सुनील सोनी 44000 से अधिक वोटों से जीत दर्ज कर ली है। हालांकि अभी अधिकारिक घोषणा होना बाकी है। इस बीच खबर है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बीजेपी कार्यालय एकात्म परिसर पहुंचने वाले हैं. यहां सीएम बीजेपी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर सकते हैं।

## वायनाड में प्रियंका गांधी आगे

राहुल गांधी द्वारा वायनाड सीट को खाली करने के बाद उनकी बहन प्रियंका गांधी चुनावी मैदान में हैं। यहां से प्रियंका ने लाखों की बढ़त हासिल कर ली है। अभी तक की गिनती के मुताबिक, प्रियंका गांधी को 253940 वोट मिले हैं। वो 167539 वोटों से आगे हैं। वहीं दूसरे नंबर पर सीपीआई के उम्मीदवार सत्यन मोकरी हैं। उन्हें 86401 वोट मिले हैं। बात अगर भाजपा उम्मीदवार नव्या हरिदास की करें तो उन्हें मात्र 48122 वोट मिले हैं। वो 205818 वोटों से पीछे हैं।

## आरक्षक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, 23 नवंबर (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां एक पुलिस आरक्षक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. यह मामला गौरेला थाना क्षेत्र का है. गौरेला थाना क्षेत्र के अंजनी गांव में पुलिस आरक्षक की लाश पेड़ से लटकी हुई मिली है।

जानकारी के अनुसार, मृतक आरक्षक का नाम अनिल तिवारी है, जो व्यवहार न्यायालय में मोहर्रिर के पद पर कार्यरत था. आरक्षक ने अपनी ससुराल के घर के बगल में स्थित पेड़ पर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी. आरक्षक अनिल तिवारी मूल रूप से रतनपुर थाना क्षेत्र के पौड़ी गांव का निवासी था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह जानकारी सामने आई है कि वह लंबे समय से डिप्रेशन में था. घटना की सूचना मिलते ही गौरेला पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को कब्जे में लिया. पोस्टमार्टम के बाद शव को एंबुलेंस के जरिए परिजनों को सौंप दिया गया. पुलिस आत्महत्या के कारणों की गहराई से जांच कर रही है।



## होटल के कमरे से लड़कियों को हाथ पकड़कर खींचा विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष समेत तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 23 नवंबर (न्यूज चैनल)।** बरेली के सिविल लाइंस क्षेत्र के एक होटल में पहुंचकर युवतियों का हाथ पकड़कर उन्हें कमरों से खींचने वाले विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष समेत चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इन पर होटल में पहुंचकर वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर रुपये मांगने का आरोप भी लगा है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कबूलपुरा निवासी धर्मेंद्र का पटेल चौक पर होटल है। होटल स्वामी का आरोप है कि विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष विशाल ठाकुर कुछ लोगों के साथ बृहस्पतिवार रात होटल में घुस आया। वहां पर मौजूद लोगों की आईडी चेक करने लगा। साथ ही मोबाइल से वीडियो बनाने लगा। इसके बाद कमरों में जाकर वहां पर रुकी युवतियों को हाथ पकड़कर बाहर खींचने लगा। आरोप है कि वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए एक युवक ने होटल स्वामी से रुपये मांगे। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। होटल स्वामी की तहरीर पर विशाल ठाकुर, करन पटेल, तेजेंद्र कुमार, बबलू को नामजद करते हुए तीन-चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।



## असम में दो अलग-अलग सड़क हादसों में आठ लोगों की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

**नई दिल्ली, 23 नवंबर (न्यूज चैनल)।** असम के बजली जिले और धुबरी जिलों से दुखद खबर सामने आ रही है। यहां शनिवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में आठ लोगों की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बजली जिले में यह लोग रास उत्सव देखने के बाद नलबाड़ी में अपने घर लौट रहे थे, जब उनकी वैन भवानीपुर में ट्रक से जा टकराई। इससे पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो घायलों को फखरुद्दीन अली अहमद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों की पहचान आशीष हबीब खान, मिजानुर रहमान, रॉयल खान, मिजानुर खान और मोइनुल हक के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि घायलों की पहचान आमिर खान और काजी चक्र अहमद के रूप में हुई है।

एक अन्य दुर्घटना में धुबरी जिले के अगोमोनी इलाके में गरेहाट के पास खड़े ट्रक से वाहन की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। धुबरी में हुए हादसे में ये लोग गौरीपुर से पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में चल रहे रास मेले का दौरा करने जा रहे थे, तभी दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान धनंजय रॉय, बिकास कलिता और राम रॉय के रूप में की गई है, जबकि घायल खणींद्र रॉय का वर्तमान में धुबरी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## मुख्यमंत्री साय ने हेलन केलर अवार्ड से सम्मानित कलाकार बसंत साहू को दी बधाई

### कहा- युवाओं और बच्चों के लिए कर रहे हैं प्रेरणादायक कार्य

**रायपुर. 23 नवंबर (हाईवे चैनल)।** हर रेखा में छिपा है एक संदेश, सिंगार सिर्फ रूप नहीं यह आत्मविश्वास का प्रतिवेश है। आत्मविश्वास से परिपूर्ण और अनेक बच्चों और युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत का कार्य कर रहे धमतरी जिले के कुरूद में रहने वाले दिव्यांग समाजसेवी और चित्रकार बसंत साहू को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फोन करके जन्मदिन की बधाई देने के साथ ही हेलन केलर अवार्ड 2024 से सम्मानित होने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बसंत साहू को जन्मदिन और सम्मान के लिए बधाई देते हुए कहा कि आपको हेलेन केलर अवार्ड 2024 प्राप्त होने की सूचना समाचार के माध्यम से मिली। आपकी इस उपलब्धि के लिए बहुत-बहुत बधाई।



मुख्यमंत्री साय ने आत्मीयतापूर्ण चर्चा के दौरान बसंत साहू से कहा कि जल जगार कार्यक्रम में आपसे मुलाकात हुई थी। हमे आपसे मिलकर बहुत अच्छा लगा था।आपने साबित किया है कि कठिनाईयां केवल मानसिक चुनौतियां है। दृढ़ संकल्प से बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। बसंत साहू ने कहा कि मेरा उद्देश्य समाज में समावेशिता और समानता लाना है, ताकि प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर मिल सके। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आपके इस जज्बे व उपलब्धि से हम गौरवान्वित हैं। आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं। समाजसेवी बसंत साहू ने मुख्यमंत्री साय के उत्साहवर्धन के लिए आभार व्यक्त क्या और कहा कि वे इसी प्रकार अपने प्रयासों से आने वाले भविष्य और बच्चो के लिए एक बेहतर समाज के निर्माण में अपना योगदान देते रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि समाजसेवी बसंत साहू को उनके द्वारा दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा और समाज में समान अवसर दिलाने के लिए किए गए अद्वितीय कार्यों के लिए हेलन केलर अवार्ड प्रदान किया गया है। उन्होंने अपनी कला के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक कला, परंपराओं और सामाजिक मुद्दों को जीवंत रखा है। उनके चित्रों में छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, पारंपरिक परिधान और समाज की समकालीन समस्याओं का समावेश है। बसंत के बनाए चित्रों का संग्रह देश विदेश के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर किया गया है, जिनमें भारत में राष्ट्रपति भवन, राजभवन, दिल्ली संग्रहालय एवं यूएसए, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया सहित कई देश शामिल हैं। उनकी कला ने उन्हें न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि देश और विदेश में भी सम्मान दिलाया है।

बसंत साहू ने दिव्यागता को कभी अपनी सफलता की राह में रुकावट नहीं बनने दिया। बसंत साहू का मानना है कि कठिनाइयों केवल मानसिक चुनौतियाँ होती हैं। यदि मन में दृढ़ संकल्प हो, तो कोई भी बाधा व्यक्ति को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने से नहीं रोक सकती। बसंत साहू का जीवन केवल एक व्यक्तिगत संघर्ष की कहानी नहीं है बल्कि यह उन सभी के लिए प्रेरणा है जो जीवन की कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

## पाकिस्तान के खैबर परव्तूनख्वा प्रांत में सांप्रदायिक हिंसा, घरों को नुकसान पहुंचा; 18 लोगों की मौत

**नई दिल्ली, 23 नवंबर (न्यूज चैनल)।** पाकिस्तान से एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पिछले 24 घंटे में सांप्रदायिक हिंसा में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। जबकि 30 अन्य घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि अफगानिस्तान की सीमा से लगे कुर्रम जिले में अलीजई और बागान कबीलों के बीच झड़पें गुरुवार को यात्री वाहनों के काफिले पर हमले के बाद हुईं। इसमें उग्रवादियों ने 47 लोगों की हत्या कर दी थी। वहीं, बालिशेल, खार काली, कुंज अलीजई और मकबाल में भी गोलीबारी जारी है। लोग भारी हथियारों से एक-दूसरे को निशाना बना रहे हैं। झड़पों में अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है और 30 लोग घायल हो गए हैं। स्वतंत्र और मीडिया सूत्रों ने झड़पों में 30 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर दी है। झड़प में घरों और दुकानों को भी नुकसान पहुंचा है। विभिन्न गांवों के लोग सुरक्षित स्थानों पर भाग गए हैं। निजी शिक्षा नेटवर्क के अध्यक्ष मुहम्मद हयात हसन ने पुष्टि की कि बिगड़ती स्थिति के कारण, जिले के सभी शैक्षणिक संस्थान शनिवार को बंद रहे। अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को बागान, मंदूरी और ओछाट में 50 से अधिक यात्री वाहनों पर गोलीबारी की गई।



## बंगलूरू में संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग भाई-बहन की मौत, पुलिस बोली- रस्सी से गला घोंटकर हत्या

**नई दिल्ली, 23 नवंबर (न्यूज चैनल)।** बंगलूरू पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि हत्या के एक मामले में गुरुवार को दो नाबालिग भाई-बहन अपने घर पर रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाए गए। पुलिस के अनुसार, शुभम और सिया की कथित तौर पर रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी गई। वहीं बच्चों के पिता सुनील कुमार साहू ने अपनी पत्नी ममता पर %वैवाहिक विवाद के कारण बच्चों की हत्या% करने का आरोप लगाया है। झारखंड के रहने वाले 30 वर्षीय ऑटो चालक सुनील साहू ने गुरुवार रात करीब 9.30 बजे सुब्रमण्यपुरा में अपने घर लौटने पर अपने बच्चों के शव देखे। उन्होंने तुरंत अपने बच्चों और पत्नी को अस्पताल पहुंचाया। सुनील साहू ने अपनी शिकायत में दावा किया कि उनकी पत्नी अपने वैवाहिक जीवन में चल रहे विवादों के कारण निराश और उदास थी, इसलिए उसने बच्चों की हत्या कर दी।

CMYK